उत्तर मध्य रेलवे
कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ

# कार्य अध्ययन रिपोर्ट

## प्रयागराज मंडल के इंजीनियरिंग विभाग में वरि.मंडल अभियन्ता/सम./उमरे/प्रयागराज के अधीनस्थ कार्यरत टाइपिस्ट संवर्ग के कार्य की समीक्षा

कार्य अध्ययन सं.– म.प्र./उ.म.रे./का.अ./2/20–21


मार्गदर्शन एवं निर्देशन

श्री नवीन कुमार सिन्हा
वरिष्ठ उप महाप्रबंधक

व

श्री मन्नू प्रकाश दूबे
उप महाप्रबंधक/सामान्य

एवं

सहयोग

श्री संतोष बाजपेयी
कार्य अध्ययन अधिकारी

सम्पादित

मनोज कुमार श्रीवास्तव
मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षक

9/247

1. **अनुक्रमणिका**


| क्रम संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अधिशासकीय सार | 2 |
| 2. | आभार एवं संस्तुति सारांश | 3 |
| 3. | अध्याय– प्रथम<br>प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें | 4 |
| 4. | अध्याय– द्वितीय<br>कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण | 5 |
| 5. | अध्याय–तृतीय<br>वित्तीय परिणाम एवं संस्तुति | 6 |

9/3/7

## अधिशासकीय सार

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य अध्ययन का नाम | प्रयागराज मंडल के इंजीनियरिंग विभाग में वरि.मंडल अभियन्ता (सम.)/उमरे/प्रयागराज के अधीनस्थ कार्यरत टाइपिस्ट संवर्ग के कार्य की समीक्षा |
| 2. | कर्मचारी की श्रेणी | ग्रुप सी (टाइपिस्ट) |
| 3. | विभाग का नाम | इंजीनियरिंग विभाग |
| 4. | कार्य अध्ययन वर्ष | 2020–21 |
| 5. | प्रारम्भ की तिथि | 22.10.2020 |
| 6. | पूर्ण होने की तिथि | 16.11.2020 |
| 7. | स्वीकृत पदों की संख्या | 11 |
| 8. | कार्यरत कर्मचारियों की संख्या | कोई नही |
| 9. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पद | 11 |
| 10. | वित्तीय बचत | Rs. 56,60933/-<br>(छप्पन लाख साठ हजार नौ सौ तैतीस) |

## . आभार

कार्याध्ययन दल श्री एस.के.गुप्ता, वरि.मंडल अभियन्ता/सम./उमरे/प्रयागराज, प्रयागराज मंडल एवं श्री के.एल.जयसवाल, मंडल कार्मिक अधिकारी/उमरे/प्रयागराज मंडल का गहन आभारी है जिन्होने इस कार्याध्ययन में अपना बहुमूल्य समय एवं मार्ग दर्शन प्रदान किया है। साथ ही साथ कार्य अध्ययन दल श्री पी.के.श्रीवास्तव,एस.एस.ई./योजना/प्रयागराज का विशेष आभारी है जिन्होने इस कार्य अध्ययन हेतु महत्वपूर्ण सूचनायें उपलब्ध कराने में अपना बहुमूल्य समय एवं समुचित सहयोग प्रदान किया है।

## संस्तुति सारांश

कार्य अध्ययन में पाया गया कि प्रयागराज मंडल के इंजीनियरिंग शाखा में टाइपस्टि संवर्ग में जी.पी. 2800 में 04 पोस्ट एवं जी.पी. 4200 में 07 पोस्टो को मिलाकर कुल 11 पद स्वीकृत है। जिसमें से प्रयागराज मंडल में इंजीनियरिंग विभाग में वर्तमान में कोई भी कर्मचारी कार्यरत नहीं है। इस प्रकार इंजीनियरिंग विभाग, प्रयागराज मंडल ये सभी 11 पद रिक्त है। वर्तमान में टाइपिस्ट की कोई पोस्ट नहीं रह गयी है एवं यह संवर्ग कार्मिक शाखा, प्रयागराज के नियंत्रण में है। नियमानुसार इस समय जो भी भर्ती हो रही है वह टाइपिस्ट कम क्लर्क के पद पर की जा रही है। वर्तमान में इंजीनियरिंग शाखा, प्रयागराज मंडल में कोई भी टाइपिस्ट आन रोल नहीं होने की दशा में इन सभी 11 पदो को अभ्यर्पित किया जा सकता है। अतः कार्य अध्ययन दल, इजीनियरिंग विभाग में स्वीकृत टाइपिस्ट संवर्ग के सभी 11 पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है। इससे कुल वार्षिक बचत रु0 Rs **Rs. 56,60933/-** (छप्पन लाख साठ हजार नौ सौ तैतीस)

## अध्याय–प्रथम

## प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें

भारतीय रेलवे में आउटसोर्सिंग का समावेश होने से कई प्रकार के कार्यों को सम्पादित करने में तथा मैन पावर की कमी से निपटने में सरलता हुई है। रेलवे में कुछ कार्य वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आवश्यक नहीं रह गये है एवं उस कार्य को करने वाले कर्मचारी दूसरे कार्य में प्रयोग किये जा रहे है। इस विषय में इंजीनियरिंग विभाग में टाइपिस्ट संवर्ग के कार्यो का अध्ययन करने पर संज्ञान में आया कि प्रयागराज मंडल के इंजीनियरिंग शाखा में 11 टाइपिस्टो के स्वीकृत पदो में कोई भी टाइपिस्ट कार्यरत नहीं है, यह सभी पद काफी समय से रिक्त पड़े है एवं यह सभी पद कार्मिक शाखा, प्रयागराज मंडल के अधीन नियंत्रण में है। इन रिक्त पदो का अभ्यर्पण करना उचित रहेगा। इस प्रकार कार्य संवर्धन के साथ–साथ कर्मचारी लागत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे रेल की कार्यक्षमता को बढाया जा सके।

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय के निर्देश पर कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ द्वारा प्रयागराज मंडल के इंजीनियरिंग विभाग में वरि.मंडल अभियन्ता/सम./उमरे/प्रयागराज के अधीनस्थ कार्यरत टाइपिस्ट कैटेगरी के कार्य की समीक्षा विषय को कार्य अध्ययन हेतु चुना गया। यह कार्य अध्ययन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय द्वारा वर्ष 2020–21 के लिए अनुमोदित कार्य अध्ययन सूची से उद्धृत है।

वर्णित कार्य अध्ययन वरि.मंडल अभियन्ता/सम./उमरे/प्रयागराज के प्रशासनिक नियंत्रण में निहित है।

9/67

## अध्याय–द्वितीय

### कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण

**2.** कर्मचारी संख्याः– वरि.मंडल अभियन्ता/सम./उमरे/प्रयागराज मंडल के अधीनस्थ कार्यरत टाइपिस्ट कैटेगरी के स्वीकृत एवं वास्तविक पद संख्या का विवरण निम्नवत है

**प्रयागराज मंडल/इंजीनियरिंग शाखा**

| क्र. सं0. | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत सं0 | कार्यरत सं0 | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | टाइपिस्ट | As per 6th CPC<br>9300-34800<br>GP-4200<br>(Level-VI)<br><br>As per 7thCPC<br>35400-46200 | 07 | कोई नहीं | 07 |
| 2. | टाइपिस्ट | As per 6th CPC<br>5200-20200<br>GP.2400<br>(Level-IV)<br><br>As per 7th CPC<br>25500-33300 | 04 | कोई नहीं | 04 |

2.1 **कार्य का विवरणः–** कार्य अध्ययन में पाया गया कि प्रयागराज मंडल में टाइपिस्ट संवर्ग के लिये 11 पद स्वीकृत है, जिसमें से कोई भी कर्मचारी कार्यरत नहीं हैं एवं सभी 11 पद वर्तमान में रिक्त है। वर्तमान में टाइपिस्ट की कोई पोस्ट नहीं रह गयी है एवं यह संवर्ग कार्मिक शाखा, प्रयागराज के नियंत्रण में है। नियमानुसार इस समय जो भी भर्ती हो रही है वह टाइपिस्ट कम क्लर्क के पद पर की जा रही है। मंडल कार्मिक अधिकारी, उमरे/प्रयागराज के पत्रावली के अनुसार वर्तमान में इंजीनियरिंग शाखा, प्रयागराज मंडल में जीपी–2400 में 04 पर एवं जीपी.–4200 में 07 पद स्वीकृत है। परन्तु वर्तमान में कोई भी टाइपिस्ट आन रोल नहीं है। ऐसी स्थिति में इन सभी 11 पदो को अभ्यर्पित किया जा सकता है।

## अध्याय–तृतीय

**3.** इस कार्य अध्ययन में दी गयी संस्तुतियों के कियान्वयन के फलस्वरुप रेल राजस्व में होने वाली बचत के प्रति पद का आकलन निम्नवत किया गया :–

| क्र0 सं0 | पदनाम | वेतनमान | पद सं0 | औसत मासिक मूल्य प्रति पद (रु0 में) | कुल मासिक मूल्य (रु0 में) | वार्षिक आवर्ती बचत (रु0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टाइपिस्ट | As per 6th CPC 9300-34800 GP-4200 (Level-VI) As per 7th CPC 35400-46200 | 07 | 47736/- | 3,34152/– | Rs. 40,09829/- |
| 2. | टाइपिस्ट | As per 6th CPC 5200-20200 GP.2400 (Level-IV) As per 7th CPC 25500-33300 | 04 | 34398/- | 1,37592/- | Rs.16,51104/- |
| | | | | कुल | | Rs. 56,60933/- |
| (छप्पन लाख साठ हजार नौ सौ तैतीस) | | | | | | |

### 3.1 सस्तुति :–

कार्य अध्ययन में पाया गया कि प्रयागराज मंडल में टाइपस्टि संवर्ग के लिये कुल 11 पद स्वीकृत है, जिसमें से वर्तमान में कोई भी कर्मचारी कार्यरत नहीं है एवं वर्तमान में सभी 11 पद रिक्त है। वर्तमान में टाइपिस्ट संवर्ग की कोई पोस्ट नहीं रह गयी है। नियमानुसार वर्तमान में टाइपिस्ट कम क्लर्क के पद पर ही भर्ती की जा रही है।

अतः कार्य अध्ययन दल, इंजीनियरिंग विभाग, प्रयागराज मंडल के टाइपिस्ट संवर्ग के दोनो अलग–2 ग्रेड पे के सभी 11 खाली पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।